डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई – 42

आभासी राष्ट्रीय शिक्षा दिवस 2021

डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल, चेन्नई द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा दिवस आभासी मंच पर आयोजित किया गया। देश में हर साल 11 नवंबर को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाया जाता है। यह भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी, प्रसिद्ध शिक्षाविद् एवं स्वतंत्र भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री और 'भारत रत्न' से सम्मानित मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की स्मृति में मनाया जाता है । इस दिन शिक्षा के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए ऑनलाइन के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिससे लोग शिक्षा के प्रति जागरूक एवं आकर्षित हो सकें ।

कार्यक्रम का शुभारंभ महामंत्र गायत्री के पाठ एवं ईश स्तुति से हुआ। विद्यार्थियों ने प्राचीन काल के गुरुकुल से लेकर वर्तमान के हाइब्रिड कक्षाओं तक के विकास को पॉवरपॉइंट प्रस्तुतीकरण द्वारा दर्शाया। संगीत में आत्मा को प्रज्ज्वलित करने की अद्भुत क्षमता होती है। गीतों का बच्चों के विकास पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है, अतः विद्यार्थियों ने शिक्षा के महत्त्व के बारे में दोहा गायन कर समा बॉध दी ।

जितना अधिक ज्ञान हम प्राप्त करेंगे, उतने ही अधिक अवसर खुलेंगे, जिससे लोगों के करियर और व्यक्तिगत विकास की संभावनाएँ बेहतर होती जाएँगी । इसे दर्शाने हेतु छात्र–छात्राओं ने एक प्रेरणादायक तमिल एकांकी प्रस्तुत की, जिसकी दर्शकों ने भूरि–भूरि प्रशंसा की । लॉकडाउन के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में तकनीकी विकास की तेज़ गति के कारण बहुत सारे बदलाव हुए हैं । कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने उन विभिन्न तकनीकी उपकरणों के बारे में बताया, जिनकी वजह से सीखने के तरीके में क्रांति आई है। धन्यवाद ज्ञापन और शांति पाठ के साथ कार्यक्रम की समाप्ति हुई।

आभासी राष्ट्रीय शिक्षा दिवस 2021

गुरुकुल से वर्तमान के हाइब्रिड कक्षाओं तक का विकासक्रम

शिक्षा के महत्त्व पर दोहा गायन



प्रेरणादायक तमिल एकांकी



शिक्षा के विभिन्न तकनीकी उपकरणों की जानकारी